सिद्धार्थनगर पुलिस

प्रेस नोट दिनांक 23-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा "पुलिस झंडा दिवस" के अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन में पुलिस ध्वज फहराकर उपस्थित समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण को अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने व ध्वज की गरिमा बनाये रखने हेतु प्रेरित किया गया।

आज दिनांक 23.11.2026 को डॉ अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा "पुलिस झंडा दिवस" के शुभ अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन सिद्धार्थनगर पर पुलिस ध्वज फहराकर उपस्थित समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण को प्रतीकात्मक पुलिस फ्लैग चिन्ह लगाकर उन्हें संबोधित करते हुए पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के द्वारा जारी किए गए संदेश को पढ़कर अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर महोदय द्वारा उपस्थित समस्त अधिकारी/ कर्मचारीगण को अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए राष्ट्र ध्वज व पुलिस ध्वज की गरिमा बनाये रखने हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी बांसी/अपराध तथा प्रतिसार निरीक्षक व अन्य अधिकारी/ कर्मचारीगण मौजूद रहें। इसी क्रम मे जनपद के समस्त थाना पर भी ध्वज फहराकर शपथ दिलाई गई।

प्रेस नोट दिनांक 23-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना।

आज दिनांक 23.11.2026 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई किया गया। जनसुनवाई के दौरान कुल 09 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमे से 01 मारपीट व 01 भूमि-विवाद व 07 अन्य विवादो से सम्बन्धित प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए तथा प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।

प्रेस नोट दिनांक 23-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆मिशन शक्ति फेज 6.0 अभियान के तहत तीर्थराज समर्था इंटर कॉलेज पकड़ी की छात्रा खुशी शुक्ला को प्रतीकात्मक रूप से एक घंटे के लिए थानाध्यक्ष उसका बाजार का दायित्व सौंपा गया तथा साइबर जागरूकता के अंतर्गत छात्राओं को पुलिस कार्यप्रणाली एवं दैनिक दिनचर्या की दी गई जानकारी।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 23/11/2026 को प्रशांत कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के पर्यवेक्षण में, तथा विश्वजीत सौरयान (IPS) क्षेत्राधिकारी सदर व थानाध्यक्ष जितेंद्र सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना उसका बाजार पर मिशन शक्ति जागरूकता अभियान के अंतर्गत छात्राओं हेतु विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विद्यालयों से आयी छात्राओं को थाना परिसर का भ्रमण कराया गया तथा उन्हें पुलिस की कार्यप्रणाली, थाना स्तर पर होने वाली दैनिक कार्यवाही, अभिलेखों के संधारण, जनसुनवाई, कानून-व्यवस्था बनाए रखने, महिला सुरक्षा, आपातकालीन सेवाओं तथा पुलिस के दायित्वों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।भ्रमण के दौरान उन्हें थाने के प्रत्येक कार्यालय/शाखा, जैसे कार्यालय थानाध्यक्ष, जीडी कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क, मालखाना, कंप्यूटर कक्ष, सीसीटीएनएस कक्ष, आगंतुक कक्ष एवं अन्य कार्यालयों का परिचय कराया गया। साथ ही प्रत्येक कार्यालय में संपादित होने वाले कार्यों, उनकी उपयोगिता तथा पुलिस व्यवस्था में उनकी भूमिका के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई, जिससे छात्राओं को पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली को निकट से समझने का अवसर प्राप्त हुआ। कार्यक्रम को रोचक एवं प्रेरणादायक बनाने के उद्देश्य से तीर्थराज समर्था इंटर कॉलेज पकड़ी की क्लास 11 की छात्रा खुशी शुक्ला को प्रतीकात्मक रूप से एक घंटे के लिए थानाध्यक्ष उसका बाजार का दायित्व सौंपा गया। छात्रा ने पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सहयोग से थाना अध्यक्ष के दायित्वों एवं कार्यों को समझा तथा पुलिस प्रशासन की कार्यशैली का अनुभव प्राप्त किया। इस पहल से छात्राओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता तथा पुलिस के प्रति विश्वास एवं सकारात्मक सोच का विकास हुआ। साथ ही साथ सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे मे जैसे कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व बहू सम्मेलन अभियानमुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष, नारी शक्ति वंदन अधिनियम, मातृ शक्ति को सम्बल, निराश्रित महिला पेंशन योजनामुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि अन्य योजनाओ से संबंधी जानकारी को बताया गया। व जागरूक किया गया मिशन शक्ति 6.0 द्वितीय चरण कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए हेल्पलाइन नंबरों-112, पुलिस आपातकालीन सेवा 1090, वूमेन पावर हेल्पलाइन 1076, माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 108, एंबुलेंस सेवा 1930, साइबर अपराध हेल्पलाइन 1098, चाइल्ड हेल्पलाइन 102, स्वास्थ्य सेवा के बारे में जानकारी दी गई।

प्रेस नोट दिनांक 23-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆मिशन शक्ति फेज 5.0 द्वितीय चरण अभियान के तहत थाना इटवा मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के श्यामराजी हाईस्कूल बरगदवा की छात्राओं को गुड टच, बैड टच, महिला अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के संबंध मे जागरुक किया गया।

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 23.11.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में, क्षेत्राधिकारी इटवा पवीन प्रकाश के निर्देशन में तथा अनिल कुमार दूबे प्रभारी निरीक्षक थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 6.0 द्वितीय चरण अभियान के तहत थाना इटवा मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के श्यामराजी हाईस्कूल बरगदवा की छात्राओं को गुड टच, बैड टच, महिला अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के संबंध मे जागरुक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी व महिला संबंधी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु निम्न हेल्पलाइन नंबरों-112, पुलिस आपातकालीन सेवा 1090, वूमेन पावर हेल्पलाइन 1076, माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 108, एंबुलेंस सेवा 1930, साइबर अपराध हेल्पलाइन 1098, चाइल्ड हेल्पलाइन 102, स्वास्थ्य सेवा के बारे में जानकारी दी गई।

मिशन शक्ति टीम थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर-

1.उ0नि0 राजेंद्र प्रसाद गुप्ता
2.का0 शिवपूजन सिंह
3.म0आ0 रविता यादव
4.म0आ0 रंजना

प्रेस नोट दिनांक 23-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆यातायात माह के 23वें दिवस पर पुलिस लाइन प्रांगण में विद्यालयों के छात्र/छात्राओं को यातायात जागरूकता के सम्बन्ध में निबन्ध/चित्रकला प्रतियोगिता कराया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशानुसार, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के पर्यवेक्षण में, क्षेत्राधिकारी यातायात के निर्देशन एवं प्रभारी यातायात के नेतृत्व में यातायात माह-2026 के 23वें दिवस पर जनपद में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया।

इस दौरान आज के दिवसीय अभियान के तहत प्रभारी यातायात मय टीम द्वारा पुलिस लाइन प्रांगण में सिद्धार्थ पब्लिक स्कूल, गंगा नेशनल पब्लिक स्कूल, पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, श्री सिद्धेश्वरी इंटर कालेज, जय किसान इंटर कालेज एवं रघुवर प्रसाद जायसवाल इंटर कॉलेज के छात्र/छात्राओं को यातायात जागरूकता के सम्बन्ध में निबन्ध/चित्रकला की प्रतियोगिता कराया गया एवं जनपद के चौराहे/तिराहो पर चालकों को निर्धारित स्थान पर वाहन खड़ा करने, सड़क पर अनावश्यक रूप से वाहन न रोकने, निर्धारित क्षमता से अधिक सवारी न बैठाने तथा यातायात व्यवस्था बाधित न करने के संबंध में जागरूक किया गया।

इसके अतिरिक्त, जनपद में ओवरस्पीड वाहनों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से दो इंटरसेप्टर वाहनों के माध्यम से राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों पर लगातार निगरानी की जा रही है तथा निर्धारित गति सीमा का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध चालान की कार्रवाई की जा रही है।

यातायात पुलिस द्वारा सभी वाहन चालकों से अपील की गई कि यातायात नियमों का पालन करें, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाएं तथा स्वयं एवं दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए सड़क दुर्घटनाओं को रोकने में सहयोग करें।

प्रेस नोट दिनांक 23-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

थाना जोगिया उदयपुर पुलिस द्वारा हत्या के प्रयास के आरोप में वाछित एक नफर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया तथा घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल एक अदद नाजायज चाकू बरामद।

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण व शुबेन्दु सिंह क्षेत्राधिकारी बांसी के कुशल निर्देशन व थानाध्यक्ष जोगिया उदयपुर शशिकान्त के नेतृत्व में आज दिनांक 23.11.2026 को अपराध एंव अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना जोगिया उदयपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 162/2026 धारा 109(1)/352 बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्त को थानाक्षेत्र के ग्राम योगमाया बन्धा मोड बांसी-नौगढ मुख्य मार्ग के पास से गिरफ्तार किया गया तथा आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण

01.सूरज पुत्र पत्थर साकिन महुआ थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर।

बरामदगी का विवरण-

01.घटना मे प्रयुक्त एक अदद नाजायज चाकू बरामद।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम

01.थानाध्यक्ष शशिकांत थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर।
02.उ0नि0 ऋषिदेव थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर।
03.मुख्य आरक्षी कमलेश यादव, भुआल यादव थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर।
04.आरक्षी अंकुर राय थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर।

प्रेस नोट दिनांक 23-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆कम्यूनिटी पुलिसिंग अभियान के तहत थाना शिवनगर डिड़ई कम्यूनिटी पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम गजहरा में जनसंवाद एवं गोष्ठी का आयोजन कर नशामुक्ति एवं साइबर अपराध जागरूकता अभियान व विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा वृद्ध पुरुषों एवं असहाय बुजुर्ग/व्यक्तियों साइबर और नशा मुक्ति सहायता एवं सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 23/11/2026 को अपर पुलिस अधीक्षक महोदय प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी सुबेन्दु सिंह तथा थानाध्यक्ष शिवनगर डिड़ई के कुशल नेतृत्व में कम्युनिटी पुलिसिंग यूनिट टीम द्वारा मानक संचालन प्रक्रिया के अनुपालन में आज दिनांक 23/11/2026 दिन सोमवार को थाना शिवनगर डिडई जनपद सिद्धार्थ नगर की सीपीयू टीम द्वारा ग्राम गजहरा में जनसंवाद गोष्ठी का आयोजन किया गया गोष्टी के दौरान वरिष्ठ नागरिक बुजुर्ग पुरुष एव बुजुर्ग महिलाओं उचित अधिकारी गण से प्राप्त आदेश निर्देश से अवगत कराया गया ग्रामीण को स्वच्छता मिशन के बारे में समझाया गया तथा टीम द्वारा बताया गया कि उन्हें साफ सफाई करनी चाहिए तथा साफ सफाई के लाभ के बारे में जानकारी दी गई तथा अपने परिवार में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है सभी लोग आपसी सौहार्द एवं प्रसन्नता के साथ जीवन यापन कर रहे हैं इस अवसर पर ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए जागरूक किया गया साथ ही कानून व्यवस्था बनाए बनाए रखना साइबर अपराधों से सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया।

प्रेस नोट दिनांक 23-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

रूट डायवर्जन- कार्तिक पूर्णिमा स्नान जनपद सिद्धार्थनगर दिनांक 24.11.2026 समय सुबह 03.00 बजे से समाप्ति तक

कार्तिक पूर्णिमा स्नान को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु जनपद सिद्धार्थनगर में बडे वाहनों का रुट डायवर्जन दिनांक 24.11.2026 को समय 03.00 बजे से समाप्ति तक निम्नानुसार किया जायेगा-

01.ऐसे बड़े वाहन (जैसे-ट्रक,बस,डीसीएम) जो फरेन्दा, जगमोहनी, उसका से आ रहे है और मोहाना व कपिलवस्तु की तरफ जाना चाहते हैं, ऐसे वाहन पकडी-सनई होते हुए अपने गन्तव्य को जायेगें।

02.ऐसे बडे वाहन (जैसे-ट्रक,बस,डीसीएम) जो बस्ती, शिवनगर डिड़ई, बाँसी से आ रहे हैं एवं बर्डपुर-मोहाना की तरफ जाना चाहते है वे वाहन रानीगंज तिराहा होते हुए अपने गंतव्य स्थल को जायेंगे।

03.ऐसे बडे वाहन (जैसे-ट्रक, बस, डीसीएम) जो बर्डपुर, मोहाना, कपिलवस्तु से आ रहे हैं, जिनको बाँसी, बस्ती की तरफ जाना चाहते हैं, वे वाहन सनई, चिल्हिया होते हुए अपने गन्तव्य को जायेगें।

प्रेस नोट दिनांक 23-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

शिकायतकर्ता के साथ यूपीआई के माध्यम से हुए साइबर फ्रॉड से सम्बंधित धनराशि ₹19000/- को थाना खेसरहा साइबर सेल की टीम द्वारा शिकायतकर्ता के खाते में कराया गया वापस।

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में साइबर अपराध एवं साइबर क्राइम रिकवरी/लीन हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में व शुबेंदु सिंह क्षेत्राधिकारी बांसी के कुशल पर्यवेक्षण में एवं प्रभारी निरीक्षक रामकृष्ण मिश्र थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में दिनांक 12.11.2026 को आवेदक रामदीन पुत्र शहतू निवासी बगहा थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा एनसीआपी पोर्टल के माध्यम से शिकायत किया गया था कि जिसमें UPI के जरिए 26580/- रुपया का फ्रॉड हो गया था। थाना खेसरहा साइबर सेल टीम बैंक के समन्वय से स्थापित करते हुए आवेदक रामदीन उपरोक्त को धनराशि ₹19000/- को आज दिनांक 23.11.2026 को फ्रॉड राशि को शिकायतकर्ता के खाते में वापस कराया गया।

सराहनीय कार्य करने वाली साइबर टीम का विवरण

01.रामकृष्ण मिश्र प्रभारी निरीक्षक थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर।
02.साइबर सेल प्रभारी राघवेंद्र प्रताप यादव
03.आरक्षी अभिषेक मौर्य, नीरज कुमार
04.म0का0 रम्भा यादव

प्रेस नोट दिनांक 23-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆"आपरेशन कन्विक्शन" के तहत जिला मानिटरिंग सेल व थाना मोहाना पुलिस की प्रभावी पैरवी से चोरी करने के आरोपी को 01 वर्ष 04 माह 18 दिन के साधारण कारावास से दण्डित कराया गया।

पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा चलाये जा रहे "आपरेशन कन्विक्शन" के तहत डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम में आज दिनांक 23.11.2026 को वाद संख्या 10298/2025 मुअसं0 77/2025 धारा- 303(2) बीएनएस थाना मोहाना में पुलिस की प्रभावी पैरवी पर माननीय न्यायाधीश श्री धम्म कुमार सिद्धार्थ न्यायिक मजिस्ट्रेट जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा मुकदमा उपरोक्त से संबंधित अभियुक्त सुधाकर हरिजन पुत्र स्व0 कृष्णमोहन अवस्थी निवासी बेतकुईया थाना मधुबेनिया जनपद रुपनदेही राष्ट्र नेपाल को 01 वर्ष 04 माह 18 दिन के साधारण कारावास से दण्डित कराया गया। सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल, अभियोजक अजय कुमार गौतम तथा न्यायालय पैरोकार आरक्षी पूरन यादव थाना मोहाना का सराहनीय योगदान रहा।

प्रेस नोट दिनांक 23-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆ मिशन शक्ति फेज 6 अभियान के तहत थाना पथरा बाजार मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम सेकवारे की महिलाओ/बालिकाओं को आत्मसुरक्षा, महिला संबंधी अपराधों से बचाव तथा गुड टच एवं बैड टच के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज बृजेश कुमार वर्मा के कुशल पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष पथरा बाजार जनार्दन प्रसाद के नेतृत्व में दिनांक 23.11.2026 को मिशन शक्ति फेज-6 के अंतर्गत जागरूकता अभियान चलाया गया। इसी क्रम में थाना क्षेत्र के ग्राम सेकवारे में चौपाल लगाकर बहू सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ऐसी बहुओं/महिलाओं को जागरूक करना था जो अपनी समस्याओं को लेकर थाने तक नहीं आ पाती हैं। चौपाल के दौरान उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्मसुरक्षा, महिला संबंधी अपराधों से बचाव तथा गुड टच एवं बैड टच के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 सरकार द्वारा प्रदेश के समस्त थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र के बारे में बताया गया, जहाँ महिलाएं अपनी समस्याओं को दर्ज करा सकती हैं। महिलाओं को महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर नए कानून के बारे में और लिंगानुपात बाल विवाह लैंगिक शोषण जनसंख्या अनुपात के बारे में भी जानकारी दी गई।

मिशन शक्ति टीम थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर--

1. उ0नि0 अमर बहादुर मिश्र
2. का0 सुदामा यादव
3. म0का0 बबिता भारती

प्रेस नोट दिनांक 23-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆मिशन शक्ति फेज 6 अभियान के तहत थाना ढ़ेबरुआ मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र के स्व0 लक्ष्मी शंकर द्विवेदी बाल विद्या मंदिर विद्यालय खजुरिया शर्की की बालिकाओं/महिलाओं को महिला अपराध, साइबर अपराध सुरक्षा व हेल्पलाइन नम्बर, दहेज उत्पीड़न, नए कानून आदि के सम्बन्ध में पम्पलेट वितरित कर जागरुक किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत, अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन में, क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ मयंक द्विवेदी के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष चंद्रकांत पाण्डेय थाना ढेबरुआ जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 23.11.2026 को थाना ढ़ेबरुआ मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र के स्व0 लक्ष्मी शंकर द्विवेदी बाल विद्या मंदिर विद्यालय खजुरिया शर्की थाना ढेबरुआ की बालिकाओं/महिलाओं को महिला अपराध, साइबर अपराध सुरक्षा व हेल्पलाइन नम्बर, दहेज उत्पीड़न, नए कानून आदि के सम्बन्ध में पम्पलेट वितरित कर जागरुक किया गया तथा सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे मे जैसे कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व बहू सम्मेलन अभियान मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष, नारी शक्ति वंदन अधिनियम मातृ शक्ति को सम्बल निराश्रित महिला पेंशन योजना मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि अन्य योजनाओ से संबंधी जानकारी को बताया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी व महिला संबंधी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु निम्न हेल्पलाइन नंबरों-112, पुलिस आपातकालीन सेवा 1090, वूमेन पावर हेल्पलाइन 1076, माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 108, एंबुलेंस सेवा 1930, साइबर अपराध हेल्पलाइन 1098, चाइल्ड हेल्पलाइन 102, स्वास्थ्य सेवा के बारे में जानकारी दी गई।

मिशन शक्ति टीम का विवरण--

1.हे0का0 दहारी यादव
2.का0 बृजेश कुमार गौतम
3.म0आ0 लक्ष्मी

प्रेस नोट दिनांक 23-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆जनपदीय पुलिस द्वारा जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने सर्किल/थाना क्षेत्रो में फ्लैग मार्च/पैदल गस्त/चेकिंग किया गया।

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में आज दिनांक 23.11.2026 को प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में जनपद के क्षेत्राधिकारी/थाना प्रभारी द्वारा जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने सर्किल/थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले चिह्नित हॉट स्पाट एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों में पैदल गश्त/चेकिंग किया जा रहा है तथा आम जनमानस मे सुरक्षा का एहसास कराते हुये आपस में सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील की गयी।

प्रेस नोट दिनांक 23-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज द्वारा थाना डुमरियागंज क्षेत्रान्तर्गत भारतभारी मेला क्षेत्र का भ्रमण किया गया और ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल को आवश्यक निर्देश दिये गये।

आज दिनांक 23.11.2026 को ब्रिजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज द्वारा थाना डुमरियागंज पुलिस के साथ थाना डुमरियागंज क्षेत्रान्तर्गत भारतभारी मेला क्षेत्र का भ्रमण किया गया और ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल को आवश्यक निर्देश दिये गये।